मुख्यालय
कर्मचारी राज्य बीमा निगम
Employees' State Insurance Corporation
पंचदीप भवन, नई दिल्ली–110002

संख्याः ई–13/12/18/2017–जनसंपर्क | दिनांकः 15.05.2018

प्रेस विज्ञप्ति

ई0एस0आई0सी0 अस्पताल, नोएडा (उ.प्र.) में दिनांकः15.05.2018 को स्वच्छता अभियान का आयोजन

आज दिनांकः 15.05.2018 को ई0एस0आई0सी0 अस्पताल, नोएडा (उ.प्र.) में स्वच्छता पखवाड़े (दिनांकः 01 मई से 15 मई, 2018) के तहत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि श्री संतोष कुमार गंगवार, माननीय श्रम व रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), भारत सरकार थे। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान बड़े पैमाने पर सफाई अभियान, वृक्षारोपण, मरम्मत और रख–रखाव, सेमिनारों और कार्यशालाओं का आयोजन क0रा0बी0 निगम के देशभर के सभी कार्यालयों /अस्पतालों/औषधालयों/चिकित्सा संस्थानों में किया गया।

इस सुअवसर पर माननीय मंत्री महोदय द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाई गई और स्वच्छता के प्रति सजग किया गया। इस अवसर अच्छे हाथ स्वच्छता अभ्यास का प्रदर्शन और सामान्य व जैव चिकित्सा अपशिष्ट के अलगाव व प्रबंधन का प्रदर्शन भी किया गया । मंत्री महोदय और अधिकारियों ने वृक्षारोपण भी किया।

माननीय मंत्री महोदय ने अपने वक्तव्य में कहा कि स्वच्छता अभियान 02 अक्टूबर, 2014 को महात्मा गांधी की 145वीं जयंती पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किया गया था। यह भारत सरकार द्वारा चलाये जाने वाला एक राष्ट्रीय स्तर का अभियान है, जो कि शहरों और गावों की सफाई के लिए आरम्भ किया गया है। सर्वप्रथम हमें स्वयं/परिवार/मुहल्ले/कार्यस्थल इत्यादि से साफ–सफाई की शुरूआत करनी चाहिए। इस अभियान में शौचालयों का निर्माण, ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता कार्यक्रमों को बढ़ावा देना, गलियों, सड़कों, अस्पतालों, डिस्पेंसरियों इत्यादि की सफाई, देश के बुनियादी ढांचे को बदलना, आदि शामिल है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए यह एक जिम्मेदारी है और देश को स्वच्छ बनाने के लिए हर भारतीय नागरिक की भागीदारी की आवश्यकता है। स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया प्रत्येक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा। हमारा नैतिक कर्तव्य है गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करना और स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहना और उसके लिए समय देना।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपने (**स्वच्छ एवं विकसित देश**) को साकार करने के लिए वचनबद्ध होना चाहिए। स्वच्छता से ही अपने देश को एक स्वच्छ, सुंदर एंव विकसित देश बना सकते हैं।

क0रा0बी0निगम के सभी कार्यालयों/अस्पतालों/औषधालयों/चिकित्सा संस्थानों में स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान किए गए कार्यक्रमः–

क.रा.बी. निगम के सभी कार्यालयों/अस्पतालों/औषधालयों/चिकित्सा संस्थानों में स्वच्छता पखवाड़ा (दिनांकः 01 मई से 15 मई, 2018) पूरे जोश व उत्साह के साथ मनाया गया। 01.05.2018 को अंतरराश्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर सभी भवनों को रोशनी से सजाया गया। भवनों/अस्पतालों के सभी शौचालयों एवं नालियों/टंकियों/वाटर कूलर आदि की साफ–सफाई की गई। सभी उपयुक्त स्थानों पर कचरा पात्र रखवाना एवं कचरे का उचित निस्तारण करने की व्यवस्था भी की गयी। हरित क्षेत्र/लॉन वाले कार्यालय/अस्पताल परिसरों में वृक्षारोपण किया गया। स्वच्छता/साफ–सफाई विषय पर कार्यालय परिसर/औद्योगिक क्षेत्रों/शााखा कार्यालयों/औषधालयों में संगोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिससे कि स्वच्छता के प्रति बीमाकृत व्यक्तियों एवं नियोजकों के अंदर जागरूकता उत्पन्न हो। सभी कार्यालयों/अस्पतालों को पुराने रिकार्ड/खराब पड़े फर्नीचर/इलेक्ट्रॉनिक उपकरण इत्यादि का वीडिंग आउट का कार्य पखवाड़े के दौरान किया गया। सभी सरकारी कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति सजग किया गया है एवं कार्यालय प्रमुख द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाई गई है। क.रा.बी. निगम के अस्पतालों/औषधालयों/चिकित्सा संस्थानों की साफ–सफाई हेतु विशेष रूप से ध्यान देने हेतु आवश्यक कदम उठाने के लिए समूचित दिशा–निर्देश दिए गए हैं।

इस सुअवसर पर श्री यू0 पी0 सिंह, सचिव श्रम व रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार, श्री राजकुमार, महानिदेशक, क0रा0बी0 निगम, श्री आर0 के0 गुप्ता, संयुक्त सचिव, श्रम व रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार, श्रीमती संध्या शुक्ला, वित्त आयुक्त, क0रा0बी0 निगम, डॉ एच0 श्रीनिवास, महानिदेशक, वी0वी0 गिरी राष्ट्रीय श्रम संस्थान, नोएडा, डॉ आर0 के0 कटारिया, चिकित्सा आयुक्त, क0रा0बी0निगम, श्री अरूण कुमार, बीमा आयुक्त, क0रा0बी0 निगम, श्री ए0 के0 सिन्हा, बीमा आयुक्त, क0रा0बी0निगम, श्री एस0 के0 गर्ग, बीमा आयुक्त, क0रा0बी0निगम, डॉ नीलिमा, निदेशक (चिकित्सा), क0रा0बी0 निगम अस्पताल, नोएडा एवं क0 रा0 बी0 निगम के अधिकारीगण और अन्य विशेष अतिथिगण भी उपस्थित थे।

<u>कर्मचारी राज्य बीमा निगम</u>

क.रा.बी. योजना वर्ष 1952 में कानपुर और दिल्ली नामक दो स्थानों से शुरू हुई थी। वर्तमान में यह योजना देश के 503 जिलों में लागू हो चुकी है। क0रा0बी0 अधिनियम अब 8.98 लाख से अधिक कारखानों/स्थापनाओं पर लागू होता है।इस योजना के तहत 3.19 करोड़ परिवार इकाई/बीमाकृत व्यक्ति व्याप्त किए गए। इस योजना के तहत कुल लाभार्थियों की संख्या 12.40 करोड़ से अधिक है। अब तक क.रा.बी. लाभार्थियों के लिए 154 अस्पतालों की स्थापना की गई है। इसके अतिरिक्त 1489–औषधालय, 815–शाखा कार्यालय/भुगतान कार्यालय, 63–क्षेत्रीय कार्यालय और उप क्षेत्रीय कार्यालय भी है। क.रा.बी. लाभार्थियों के लिए क.रा.बी. निगम द्वारा 17 नए अस्पतालों का निर्माण किया जा रहा है।

*****